कार्यालय, पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/प्राशि/पंविप/प्राशिअमू/2018/77 दिनांक : 13-11-2018

1.मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
समस्त

2. प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त

विषयः– प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन, 2019 की ऑनलाइन आवेदन प्रकिया बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वरिष्ठ प्रणाली विश्लेषक, NIC, जयपुर द्वारा शाला दर्पण, शाला दर्शन एवं पी.एस.पी. पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन पत्र अपडेशन हेतु लिंक खोला जा चुका है।

जिलान्तर्गत डाईट स्तर से प्रबोधन करते हुए समस्त मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं, मदरसों, संस्कृत विद्यालयों को ऑनलाइन आवेदन पत्र अपडेशन कराया जाना आवश्यक है।

पूर्व में ऐसा देखने में आया है कि कतिपय निजी शिक्षण संस्थान, मदरसे, संस्कृत विद्यालय शाला दर्पण, शाला दर्शन एवं पी.एस.पी. पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं होते हैं। ऐसे में अध्ययनरत विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह जाते हैं। अतः पोर्टल पर इनका रजिस्ट्रेशन कर ऑनलाइन आवेदन किया जाना सुनिश्चित किया जावें।

विदित रहे प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन परीक्षा, 2019 में ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था नहीं है।

जिले के समस्त निजी शिक्षण संस्थानों एवं मदरसों से रू. 40/–(चालीस रूपये मात्र) परीक्षा शुल्क प्रति विद्यार्थी निर्धारित है। उक्त शुल्क उचित माध्यम से एकत्रित कर ब्लॉक स्तर से परीक्षा शुल्क की समेकित राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट **'अध्यक्ष, डाईट विकास एवं प्रबंधन समिति '** के नाम से बनवा कर निम्नांकित विवरणानुसार प्रेषित किया जावेः–

–: <u>परीक्षा शुल्क विवरण</u> :–

ब्लॉक का नाम – ....

क.सं.	संग्रहण एवं मूल्यांकन केन्द्र का नाम	विद्यालय का नाम	विद्यालय का प्रकार (निजी/मदरसा)	परीक्षार्थियों की संख्या	डी.डी. नम्बर एवं राशि	वि.वि.

NIC, जयपुर द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र अपडेशन हेतु 30 नवम्बर, 2018 रात्रि 12 बजे तक लिंक खुला रहेगा। उक्तानुसार डाईट स्तर से अधीनस्थ संस्था प्रधानों को आवेदन अपडेशन हेतु पाबंद करें।

13/11

(श्याम सिंह राजपुरोहित)
निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Scanned by CamScanner